प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–28.08.2023 (सं0–386)

बगहा/मोतिहारी जिला में महावीरी झण्डा के क्रम में दो समुदायों के बीच झड़प का अद्यतन

1. बगहा

- दिनांक 21.08.2023 को बगहा नगर थाना क्षेत्र में महावीरी झण्डा निकाले जाने के क्रम में दो समुदायों के असमाजिक तत्वों के बीच हुयी झड़प को लेकर बगहा जिला में धारा 153A, 295A, 120B, भा0द0वि0 तथा IT Act की धारा 66 जैसी महत्वपूर्ण धाराओं में कुल 09 अलग अलग प्राथमिकी अंकित की गई है।
- इस सम्बन्ध में बगहा पुलिस जिला द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये अब तक 70 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है तथा 01 सोशल मीडिया फेसबुक, इन्स्टाग्राम तथा व्हाट्सऐप पर अफवाह फैलाने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी की गयी है। अन्य की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।
- बगहा शहरी क्षेत्र के सभी सम्वेदनशील जगहों पर पुलिस बल की तैनाती की गयी है तथा नगर नगर क्षेत्र में 24x7 घण्टे सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी 24x7 घण्टे निगरानी रखी जा रही है।
- सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के विरुद्ध भी 03 काण्ड अंकित किये गये हैं तथा इन काण्डों में 01 अभियुक्त की गिरफ्तारी भी की गयी है। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने के सम्बन्ध में आइ0 टी0 एक्ट में साइबर थाना में अंकित 02 काण्डों (14/23 तथा 15/23) तथा बगहा थाना में अंकित 01 काण्ड (587/23) के अनुसंधान का भार आर्थिक अपराध इकाई, बिहार के द्वारा ग्रहण कर लिया गया है। तीनों काण्डों में सोशल मीडिया के माध्यम से द्वेष फैलाने का सुनियोजित षडयंत्र करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

2. मोतिहारी

- मोतिहारी जिला के दरपा थाना के ग्राम पिपरा, मेहसी थाना के ग्राम मोगलपुरा तथा कल्याणपुर थाना के ग्राम सिसवा में महावीरी झण्डा जुलूस के क्रम में दो समुदाय के असमाजिक तत्वों के बीच विवाद तथा झड़प की घटना प्रतिवेदित हुयी है। हालाकि कल्याणपुर थाना में विवाद और झड़प के मामले में कोई साम्प्रदायिक कोण नहीं था। मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड करने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था।
- मोतिहारी जिला में 04 काण्ड अंकित किये गये हैं। दरपा थाना में 05 तथा मेहसी थाना में 04 अर्थात कुल 09 उपद्रवियों की गिरफ्तारी की गयी है।

XXXXXXXX